भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 212
18.07.2022 को उत्तर के लिए

मानव हाथी संघर्ष

212. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए एक ऐसी सायरन प्रणाली का प्रयोग कर रही है, जो हाथियों के झुंड के राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करने की स्थिति स्वत: चालू होकर वहां से गुजरने वाले यातायात को सतर्क कर देगा और विशेषरूप से फसल के मौसम के दौरान जंगली हाथी वनों से बाहर निकलते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस संबंध में राज्य-वार कितनी धनराशि स्वीकृत/खर्च की गई है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय प्रायोजित योजना-हाथी परियोजना (सीएसएस-पीई) के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करने वाले हाथियों के झुंड को भांपकर स्वत: चालू हो जाने वाली सायरन प्रणाली संबंधी कोई भी प्रयोग नही किया गया। फिर भी, राज्यों को विभिन्न प्रकार के संरक्षण एवं प्रबंधन हस्तक्षेप के लिए समर्थन दिया जाता है जिसमें मानव-हाथी संघर्ष को रोकने के लिए सीएसएस-पीई के तहत वैज्ञानिक और तकनीकी इनपुट शामिल हैं।

****